पंचायत भवन को चोरों ने बनाया निशाना

धानीबाजार (महराजगंज)। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पुरन्दरपुर मे बीती रात अज्ञात चोरो ने पंचायत भवन को निशाना बनाते हुए वहां लगे सरकारी उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह ग्राम प्रधान को होने के बाद बृजमनगंज थाने में लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सभा .पुरन्दरपुर के पंचायत भवन में अज्ञात चोरो द्वारा दो कमरो के दरवाजे की कुंडी काटकर कमरे मे लगाए गए दो बैटरी, इन्वर्टर, एलसीडी, सीसीटीवी कैमरे का पूरा सेट, स्विच एवं मॉनिटरिंग बॉक्स व वाईफाई का सेटअप बॉक्स अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इतना ही नहीं, चोरों ने पंचायत भवन में लगे



चार सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। सुबह ग्राम प्रधान को जानकारी होने पर बृजमनगंज पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले की जांच कर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इससम्बध मे थानाध्यक्ष बृजमनगंज ने बताया कि तहरीर मिली है जांच करायी जारही है। जल्द चोरी का खुलासा कराया जायेगा।

◆ सीसीटीवी कैमरे तोड़ दो कमरों के दरवाजे मे लगी कुंडी काट दिया घटना को अंजाम

डीआईओएस ने पानी टंकी का किया लोकार्पण

भटहट (गोरखपुर)। भटहट कस्बे के पटेल इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) अजीत कुमार सिंह ने नई पानी की टंकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। टंकी का निर्माण छात्र-छात्राओं को पीने का पानी देने के लिए एक समाजसेवी संस्था ने कराया है। डीआईओएस ने स्काउट एवं गाइड के उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों का मौके पर निरीक्षण भी किया। अजीत कुमार सिंह ने पानी के महत्व पर बात करते हुए कहा कि जल ही जीवन है। इसके बिना जीवित रहना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि शरीर में 70 प्रतिशत पानी होता है। विद्यालय में पानी की टंकी का निर्माण उद्योग



पति, समाजसेवी विष्णु जालान के सौजन्य से कराया गया है। इस दौरान प्रबंधक अजय कु. सिंह, प्रधानाचार्य अजय कु.पाण्डेय, छत्रपति शुक्ला, मनोज कु. राय, जेपी सिंह मौजूद रहे।

◆समाज सेवी संस्था के सौजन्य से हुआ निर्माण

सर्पदंश से किशोरी की हालत गम्भीर

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के माट में खेत में काम कर रही ओक 16 वर्षीय किशोरी को सर्प से पैर में डंस लिया। हालत गम्भीर होने पर उसे सीएचसी सहजनवा लाया गया। हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र माट निवासी मनोरमा पुत्र अष्टभुजा 16 वर्ष गुरुवार को अपराह्न 1 बजे खेत में काम कर रही थी। उसी दौरान उसके दाहिने पैर में सर्प ने डंस लिया। हालत गम्भीर होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा लाए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मारपीट में 6 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अवरूस में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा है। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की पत्नी और बेटे को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार अबरूस गांव निवासी मुन्नी पत्नी मुन्ना बेलदार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शाम करीब पांच बजे उनके देवर शेखर पुत्र स्व. पल्लू बेलदार दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान पड़ोसी अंगद और गिरधारी उर्फ टांडा पुत्रगण सुभाष बेलदार शेखर को गाली देने लगे। शेखर ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि अंगद, गिरधारी उर्फ टांडा, आरती और माधुरी के साथ दो अज्ञात लोगों ने मिलकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में शेखर के सिर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर बचाव करने पहुंचे शेखर के बेटे विशाल और पत्नी मनभावती को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण शेखर मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़िता की तहरीर पर गोला पुलिस ने अंगद, गिरधारी उर्फ टांडा, आरती और माधुरी सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

कम्पनी के यूनिट मैनेजर पर 50.44 लाख रुपये के गबन का आरोप,मुकदमा दर्ज

बड़हलगंज (गोरखपुर)। भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड की बड़हलगंज शाखा में तैनात यूनिट मैनेजर पर करीब 50.44 लाख रुपये के गबन और कर्मचारियों को धमकी देने पर कंपनी के मैनेजर की तहरीर पर बड़हलगंज पुलिस ने आरोपित सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखा धड़ी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, शिकायतकर्ता मनोज यादव भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड की बड़हलगंज शाखा में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी ने सात नवंबर 2025 को आंतरिक ऑडिट के दौरान फर्जीवाड़ा कर कंपनी के रुपये का गबन किया।

◆जांच में सामने आई वित्तीय अनियमितता◆रुपये मांगने पर कर्मचारियों को धमकी देने का भी आरोप

गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को ई-केवाईसी के आधार पर रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराती है। आरोप है कि शाखा में यूनिट मैनेजर के पद पर तैनात चंद्रशेखर उदय गोंड शुरुआती जांच में 20 मामलों में 4,43,338 रुपये की अनियमितता सामने आई। इसके बाद विस्तृत जांच कराई गई तो 32,67, 775 रुपये की धनराशि ऋणधारकों को गलत तरीके से भुगतान करने तथा छह अन्य मामलों में 17,76,698 रुपये के गबन की जानकारी मिली। इस तरह कुल 50,44,473 रुपये के गबन का आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी होने पर यूनिट मैनेजर फरार हो गया। कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों ने जब उससे रुपये वापस करने की मांग की तो उसने कथित तौर पर रुपये लौटाने से इन्कार कर दिया। साथ ही शिकायत कर्ता और अन्य कर्मचारियों को मामले में हस्तक्षेप नहीं करने तथा रुपये मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। तहरीर में आरोपित के परिजनों पर भी गबन की धनराशि अपने पास रखने और वापस करने में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चंद्रशेखर उदय गोंड समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ए.आई. और मशीन लर्निंग भविष्य की तकनीकी क्रांति के आधार स्तंभ-अनुज त्रिपाठी

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महा राणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के कंप्यूटर विभाग द्वारा सैमसंग इनोवेशन के सहयोग से 'आर्टि फिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) एवं मशीन लर्निंग' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीअनुज त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी विकास, उसके व्यावहारिक उपयोग तथा भविष्य में रोजगार की संभावनाओं से परिचित कराया। अपने व्याख्यान में श्री त्रिपाठी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग वर्तमान डिजिटल युग की ऐसी महत्वपूर्ण तकनीकें हैं। जो शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, उद्योग, संचार एवं व्यवसाय



सहित विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रणाली में व्यापक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने इन तकनीकों की मूल अवधारणाओं, कार्यप्रणाली और उपयोगिता को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करते हुए बताया कि आने वाले समय में तकनीकी दक्षता और नवाचार की समझ युवाओं के व्यावसायिक भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई एवं मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं और नवीन तकनीकी कौशलों की जानकारी देते हुए निरंतर अध्ययन, रचनात्मक चिंतन, व्यावहारिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

◆सैमसंग इनोवेशन के सहयोग से कंप्यूटर विभाग में विशिष्ट व्याख्यान आयोजित◆मुख्य वक्ता ने बताई आधुनिक तकनीकों की संभावनाएं

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं, जिनका मुख्य वक्ता ने समाधान किया। कार्यक्रम का संयोजन कंप्यूटर विभाग के शिक्षक गौरव द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर अकादमिक अध्ययन को उद्योग जगत के व्यावहारिक अनुभवों और नवीन तकनीकी विकास से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं तकनीक आधारित शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उनमें नवाचार और कौशल विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

दीपावली मिलन समारोह आयोजित

भटहट (गोरखपुर)। भटहट ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख रेखा राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में दीपावली मिलन समारोह हुआ। इसमें विधायक



महेंद्र पाल सिंह, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग शामिल हुए। विधायक ने जन प्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने ने कहा कि दीपावली प्रकाश, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। यह समाज को एकता और सकारात्मकता से जोड़ता है। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह ने किया। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में बीज प्रमाणीकरण उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल जी गुप्ता, डॉ. उमाशंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिगुल निषाद, किसान नेता लव सिंह, पिपराइच चेयरमैन संजय मद्धेशिया, पूर्व जिला मंत्री रामानंद यादव और मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव शामिल हुए।

ट्रेन से गिर कर युवक गम्भीर रूप से घायल, हालत गम्भीर

सहजनवां (गोरखपुर)। मोलनापुर थाना महुली जिला संतकबीरनगर निवासी एक 35 वर्षीय युवक ट्रेन से गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिये उसे सीएचसी सहजनवा लाया गया हालत गम्भीर होने पर जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी से मोलनापुर थानाहुली जिला संतकबीर नगर निवासी सत्यपाल पुत्र राजमेर 35 वर्ष जो बाराबंकी में फेरी कर कपड़ा बेचता है। दीपावली के पर्व को देखते हुए उसने एक स्पेशल ट्रेन पकड़ कर घर आ रहा था। दोपहर 12 बजे के करीब वह गहासाड रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचा था। की नींद आने पर वह ट्रेन से नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीर उसे घायल वस्था में इलाज के लिये सीचसी सहजनवा लाए। हालत गम्भीर होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

किशोरी को भगा ले गया युवक, अपहरण का मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 13 वर्षीय किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलाभार निवासी सुहेल पुत्र शाबिर अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 3 नवंबर को दोपहर 2 बजे के करीब हमारी 13 वर्षीय लड़की को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलाभार निवासी सुहेल पुत्र शाबिर अली ने गांव के बाहर सड़क पर बनी पुलिया के पास से बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता सुराग नहीं लगा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर सुहेल पुत्र शाबिर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर के समर्थन में उतरे सनातनी,अभद्र टिप्पणी पर रोक लगाने की मांग

गोलाबाजार (गोरखपुर)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में सनातनी समाज के लोगों ने आवाज उठाई है। उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी और आपत्ति जनक सामग्री प्रसारित किए जाने पर नाराजगी जताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल केंद्रीय समिति, गढ़ा जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) की ओर से गोला कोतवाली प्रभारी सीपी पाण्डेय के माध्यम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ ही सामाजिक, जनकल्याणकारी कार्यों में भी सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से निर्धन कन्याओं के विवाह, पर्यावरण संरक्षण, सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार, कैंसर अस्पताल निर्माण और जरूरतमंदों के लिए अन्नपूर्णा भंडारे जैसी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। ज्ञापन के अनुसार, हाल ही में एक कथा प्रसंग के दौरान आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने विनोद भाव में भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के नाम का उल्लेख किया था। उनका उद्देश्य कथा वाचक के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्तों की आस्था और प्रेम को दर्शाना था। इस प्रसंग पर आपत्ति जताए जाने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना भी की है। इसके बावजूद सोशल मीडिया, सार्वजनिक स्थानों पर उनके खिलाफ अभद्र भाषा तथा अपशब्दों का प्रयोग किए जाने पर समिति ने चिंता जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस तरह की गतिविधियों से सामाजिक समर सता, धार्मिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि सोशल मीडिया और सड़कों पर होने वाले प्रदर्शनों के दौरान अशोभनीय भाषा एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले कृत्यों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

बी.आई.टी. में फ्रेशर पार्टी के साथ 'बुद्धा शरद महोत्सव' का भव्य समापन

गीडा(गोरखपुर) |बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.आई.टी.), गीडा में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु आयोजित फ्रेशर पार्टी के साथ 'बुद्धा शरद महोत्सव' का भव्य समापन हुआ। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीडा के अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी राम प्रकाश पी.सी. एस. रहे। विशिष्ट अतिथि गीडा थाना प्रभारी अश्विनी मिश्र रहे। अध्यक्षता संस्थान के सचिव डा.रजत अग्रवाल ने की।



फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, ग्रुप सॉन्ग, एकल एवं सामूहिक नृत्य, मिमिक्री, गायन की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रैंप वॉक और मिमिक्री ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि राम प्रकाश ने कहा कि महा विद्यालयीन जीवन व्यक्तित्व विकास, आत्म विश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचान कर बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। विशिष्ट अतिथि अश्विनी मिश्र ने अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्थान के सचिव डा.रजत अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारते हैं। आत्म विश्वास बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, महानिदेशक प्रो. गोविन्द पाण्डेय, निदेशक बीआईटी डा.रूप रंजन सहित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बीआईटी में 'टेक विजार्ड' और डांडिया नाइट का आयोजन

सहजनवां (गोरखपुर)। बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी आईटी), गीडा में 'टेक विजार्ड' कार्यक्रम एवं डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक, तकनीकी और सांस्कृतिक गतिविधियों का संगम देखने को मिला। टेक विजार्ड के तहत साइंस क्विज, ब्रेनवीटा, पोस्टर प्रेजेंटेशन और मॉक कोर्ट जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें प्रतिभा दिखाने का मंच देते हैं। उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का दूसरा आकर्षण डांडिया नाइट रही, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संस्थान के सचिव डॉ. रजत अग्रवाल ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास भी है। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, महा निदेशक प्रो. गोविंद पांडेय सहित सभी निदेशक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

फार्मर आईडी पूर्ण होने पर उसी से होगा धान खरीद के लिए पंजीकरण

सहजनवां (गोरखपुर)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत धान खरीद के लिए शासन ने पंजीकरण प्रक्रिया में संशोधन किया है। नए निर्देश के अनुसार जिन किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है और उसमें सभी आवश्यक विवरण पूर्ण हैं, वे उसी के आधार पर धान बिक्री के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। वहीं, जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी अधूरी है, उनके लिए पिछले वर्ष की तरह पंजीकरण प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने चार नवंबर को आदेश जारी कर धान खरीद नीति के शासनादेश में संशोधन किया है। संशोधन के तहत 10 अक्टूबर और दो नवंबर को जारी शासनादेशों के प्रस्तर-11 में बदलाव किया गया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि संशोधन के अलावा अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रंजन सिंह ने बताया कि शासन के नए आदेश से किसानों को काफी राहत मिलेगी। फार्मर आईडी पूर्ण होने पर उसी के माध्यम से पंजीकरण कराया जा सकेगा, जबकि आईडी अधूरी होने पर पुरानी प्रक्रिया का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

भूमि अधिग्रहण के लिये तहसीलदार ने किसानों के साथ की बैठक

सहजनवां (गोरखपुर)।सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत स्थित हनुमान मंदिर पर तहसीलदर चंद्र शेखर वर्मा की अध्यक्षता में गीडा कार्यालय के जिम्मेदारों की उपस्थिति में अधिगृहित के लिए प्रस्तावित नए किसानो की समस्याओं और उसके निराकरण को लेकर एक बैठक हुई। जिसमे करीब ढाई दर्जन किसान उपस्थित रहे। बृहस्पतिवार को भीटी रावत में पहुंचे अधिकारियों से राम कुमार गुप्ता ने कहा कि सेक्टर 26 में मेरी जमीन है। पहले उसी जमीन को मै जोत बो रहा था। लेकिन अब वह जमीन एक फैक्ट्री के कैंपस में है। जिसपर तहसीलदार के निर्देश पर गीडा अमीन सुधीर कुमार ने नक्शा के माध्यम से किसान को आश्वस्त



किया कि। निचला क्षेत्र होने के कारण आप की जमीन अधिगृहित नहीं की गई है। धर्मदेव मिश्र सहित कुछ किसानो ने कहा हम लोगो के पास थोड़ी खेती बची है। इसका अधिग्रहण न किया जाय। दिलीप ने कहा कि सेक्टर रेट बढ़ाया जाय। शंकर यादव ने कहा गीडा हम लोगो की खेती ले रही है लेकिन उसके बदले कोई सुविधा नहीं दे रही है। इसके अलावा कारखानों में यहां के लोगों को रखने आदि की सुविधा की मांग की। इस संबंध में में सुग्रीव यादव, सहित आधा दर्जन ने एक पत्रक अमीन के माध्यम से एसएल ओ को दिया। कहा कि कि अधि ग्रहण से पूर्व एक बार फिर किसानो के साथ बैठक होनी चाहिए।

बताया गया तीन वर्ष पुरानी सूची के आधार पर करीब 9 हेक्टर जमीन का अधिग्रहण प्रस्तावित है। समस्या के समाधान के बाद आगे की कार्य वाही तय की जाएगी। मौके पर नायब तहसीलदार गीडा बीरेंद्र नाथ पाठक, सहायक अमीन विजय कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

त्योहार को देखते हुए बड़हलगंज में पुलिस का फ्लैग मार्च

बड़हलगंज (गोरखपुर)। धनतेरस एवं दीपावली के त्योहार को देखते हुए कोतवाली पुलिस बड़हलगंज फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिया। गुरुवार की



शाम एसएसआई किशोर कुमार गुप्ता एवं चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में पुलिस के जवान, महिला पुलिस के साथ कस्बे का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। एसएसआई श्री गुप्ता ने कहा कि धनतेरस को देखते हुए बाजार में भीड़ काफी काफी रहेगी, इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस हर जगह मुस्तैद है। कस्बे के व्यवसायी अमन चैन के साथ बिना किसी डर के अपना व्यवसाय ईमानदारी से चलाएं। किसी भी प्रकार के व्यवधान की स्थिति में पुलिस को कॉल करें।

जश्न-ए-मिलादुन्नबी में सम्मानित हुए हाफिज ए कुर्आन के छात्र

भटहट (गोरखपुर)। भटहट ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैलों में बुधवार की रात ईदमुलादुननबी का प्रोग्राम आयोजित किया गया। उस्ताद ए हुफ्फाज कारी सादाब रजा इल्मी ने कार्यक्रम का आगाज पाक ग्रंथ कुर्आन ए पाक के श्लोगन से किया गया। मदरसा दारूल उलूम अहले सुन्नत अनवारुल से फारिग हाफिज ए कुर्आन मेहताब आलम और मौहम्मद कैश और उनके उस्ताद को स्थानीय लोगों द्वारा फूलमाला पहनाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त मदरसा मकतब के प्रधानाचार्य मौलाना फहीम बस्ती ने कहा कि कुर्आन को याद करने वाले हाफिज ए कुर्आन मर्तबा बहुत बड़ा होता है।



दुनिया में उसकी अजमत और शान निराला होता है। वह अपने इल्म की रोशनी से दूसरे के लोगों के दिलों को ईमान से रोशन करता है। मरने के बाद उनके जिस्म खास कर सीने को मिट्टी नहीं खा सकती है। कयामत के दिन जब पाप और पुण्य का हिसाब किताब होगा तब उनके मां-बाप के सिर पर अल्लाह ताला ताज सजाएगा। उन्होंने बच्चों की तालीम पर जोर देते महजबी तालीम के साथ साथ अपने बच्चों को

◆मैनुद्दीन और सुभान अली के घर आयोजित कार्यक्रम में गुरुजनों और छात्रों को सम्मानित किया गया

दुनायबी तालीम दिलाऐं। तबी घर परिवार के साथ मुल्क भी तरक्की करेगा। उस्ताद ए हुफ्फाज श्री इल्मी ने कहा दुनिया में इल्म हासिल करना सबसे आसान है। लेकिन ज्ञान के जरिए बड़ी से बड़ी मुसीबत और समस्याओं का सामाधान निकाला जा सकता है। शिक्षा से जीवन यापन करने ढंग रोजगार कमाने का अवसर मिलता है। बुरे भले की पहचान भी ज्ञान के जरिए ही किया जाता है। हाफिज हस्सान रजा, अली रजा, हाफिज मोहम्मद कैश और मोहम्मद कैफ, ने नात ए मुस्तफा गुना कर सबके दिलों धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। मंगलवार की रात सुभान अली के घर पर जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया था। जिससे हाफिज मोहम्मद कैश और उनके उस्ताद कारी सादाब रजा इल्मी के सिर पर पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया था। फूलमाला पहनाकर इनाम इकराम से नवाजा गया था। मौलाना आस मोहम्मद ने कहा कि मुकम्मल कुर्आन को याद करना सबके बस की बात नहीं है।

अल्लाह जिसके नसीब लिखता है वही हाफिज बनता है। रोजे महसर के दिन अपने मां-बाप और अहले खानदान की बखशीश करता है। मौलाना मकसूद मिस्बाही ने छात्रों को गुरुजनों का सम्मान करने की नसीहत दी। इस दौरान ग्राम प्रधान नदीम अहमद, मोहम्मद हनीफ, खान, मैनुद्दीन, मुहम्मद, हकीमुल्ला, सुभान अली, मोहम्मद शहवान, अमानुल्लाह, जबीउल्लाह, अजहर आफताब आलम, काशिम अली आदि और सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

सायकिल पर खाद लादकर जाने लगा युवक,मना करने पर दुकानदार को दी जान-माल की धमकी

हरपुर-बुदहट(गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुल्टही निवासी राघवेन्द्र सिंह पुत्र रुद्र प्रताप सिंह की भैंसहिया चौराहे पर आईएफएफडीसी के नाम से खाद की दुकान है। आज बुधवार को शाम तीन बजे के करीब दुकान पर ट्रक से यूरिया खाद उतर रही थी, उसी समय ग्राम चेचुआपार निवासी प्रदीप पुत्र राम बृक्ष दुकान पर आकर डीएपी खाद की मांग करने लगा तो दुकानदार राघवेन्द्र सिंह से कहा कि हमें डीएपी खाद चाहिए तो उसने यूरिया खाद ही अपने सायकिल पर खाद लादकर जबरन ले जाने लगा तो दुकानदार राघवेन्द्र सिंह ने मना किया तो उक्त व्यक्ति ने दुकानदार को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा। दुकानदार ने 112 डायल किया मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है , आरोपित को थाने पर लाकर पूछताछ की जा रही है।